**Dt. 28.01.2026**

National Stock Exchange of India Limited
Exchange Plaza, C/1, Block G,
Bandra Kurla Complex, Bandra (East),
Mumbai- 400051.

Company Symbol: ATMASTCO (EQ),
ISIN: INE05DH01017

**Subject: Press Release - Inauguration Ceremony of Atmastco Defence Systems (P) Ltd.**

With reference to the captioned matter, please find enclosed herewith the Press Release pertaining to the inauguration ceremony of Atmastco Defence Systems (P) Ltd, held on 24 January 2026.

Kindly take the same intimation on your record.

Thanking You,

Yours faithfully,

**For Atmastco Limited**

SUBRAMANIAM SWAMINATHAN IYER
Digitally signed by SUBRAMANIAM SWAMINATHAN IYER
Date: 2026.01.28 11:26:23 +05'30'

**Subramaniam Swaminathan Iyer**
**Managing Director**
**DIN: 01243936**

**PRESS RELEASE**
For Immediate Release

## Hon’ble Governor of Chhattisgarh Visits Atmastco Limited’s Defence Manufacturing Facility

Atmastco Limited is pleased to inform that the Hon’ble Governor of Chhattisgarh visited the manufacturing facility of Atmastco Defence Systems (P) Ltd. on 24 January 2026 as part of inauguration ceremony. The visit marked an important milestone in the development of Chhattisgarh’s first defence manufacturing hub.

During the visit, the Hon’ble Governor inspected the manufacturing area and reviewed various advanced equipment and infrastructure installed at the facility. The functioning, operational capabilities, and applications of the equipment were explained in detail by the Chief Executive Officer of Atmastco Defence Systems (P) Ltd. Officers from the Defence Research and Development Organisation (DRDO) also provided technical insights into the manufacturing processes and defence-related applications.

The interaction highlighted the collaborative efforts between industry and defence research institutions towards strengthening indigenous defence manufacturing capabilities. The visit reflects institutional encouragement for the growth of advanced manufacturing and reinforces Chhattisgarh’s emergence as a significant destination for defence production.
Atmastco Limited remains committed to contributing to the national vision of Atmanirbhar Bharat by fostering indigenous manufacturing capabilities and supporting the development of a robust defence manufacturing ecosystem in the State.



**Shri Ramen Deka. – Hon’ble Governor of Chhattisgarh, said:** Atmastco has moved beyond traditional infrastructure development and has now stepped into the crucial area of saving lives. After receiving important technology transfers from DRDO, the company is now manufacturing life-saving bulletproof jackets and ballistic helmets for the armed forces and police.

Governor Deka further mentioned that this new manufacturing unit will create an additional 250 jobs and will contribute ₹350 crore more to the state’s GDP.

### Photographs from the Visit






Investor Relations
E-mail: cs@atmastco.com

## दुर्ग

# भिलाई की एटमास्टको लिमिटेड बनी राष्ट्रीय सुरक्षा की भागीदार-राज्यपाल

25-Jan-2026 7:41 PM

Share Share Tweet Share



Share Share Tweet Share

Join WhatsApp Group 1 यहाँ क्लिक करे (https://chat.whatsapp.com/ESbZn9vcSuK8i4ku0HllXj)

**एटमास्टको लिमिटेड का रक्षा क्षेत्र में कदम, 250 नई नौकरियां और जीडीपी में बढ़ेगा योगदान**

**‘छत्तीसगढ़’ संवाददाता**

**दुर्ग, 25 जनवरी।** राज्यपाल रमेन डेका दुर्ग जिले के प्रवास के दौरान नंदनी स्थित रक्षा उपकरण निर्माता कंपनी एटमास्टको लिमिटेड की बुलेटप्रूफ जैकेट एवं हेलमेट निर्माण इकाई के उद्घाटन समारोह में सम्मिलित हुए। उन्होंने फीता काटकर फैक्ट्री का विधिवत उद्घाटन किया।

इस अवसर पर राज्यपाल श्री डेका ने परिसर में एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण किया। उद्घाटन समारोह को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि भिलाई के औद्योगिक केंद्र से उभरती एक उल्लेखनीय सफलता की कहानी देखकर बेहद खुशी हो रही है। 35 वर्षों से अधिक समय से, एटमास्टको समूह छत्तीसगढ़ के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है, यह साबित करते हुए कि स्थानीय विशेषज्ञता वास्तव में राष्ट्रीय स्तर की सफलता हासिल कर सकती है। उन्होंने कहा कि सन् 1987 में भिलाई में एक छोटी सी शुरुआत से, एटमास्टको एक शक्तिशाली औद्योगिक ताकत के रूप में विकसित हुई है। एक महत्वपूर्ण मोड़ फरवरी 2024 में आया, जब एटमास्टको लिमिटेड ने एनएसई पर सूचीबद्ध होकर आधिकारिक तौर पर राष्ट्रीय स्तर पर कदम रखा।

श्री डेका ने कहा कि यह एक ऐसी कंपनी है जो जिम्मेदारी के महत्व को समझती है। यह कंपनी हर साल 20 हजार मीट्रिक टन भारी इंजीनियरिंग निर्मित स्टील का उत्पादन करती है। लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि यह समुदाय के लिए

जीवन रेखा है, जो उन्हें सर्विस देते हैं। छत्तीसगढ़ के भिलाई में स्थित एटमास्टको ने टाटा स्टील, अडानी, वेदांता, एलएंडटी, भेल, एनटीपीसी जैसी अग्रणी कंपनियों के साथ साझेदारी करते हुए देशभर में कई महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा एवं स्टील परियोजनाओं का सफलतापूर्वक निष्पादन किया है। इनमें जम्मू-कश्मीर में चिनाब नदी पर निर्मित विश्व का सबसे ऊँचा रेलवे पुल भी शामिल हैं। यह दो हजार परिवारों को आजीविका प्रदान करती है और राज्य के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में सालाना 350 करोड़ रुपये का योगदान देती है। जब हम अपने राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ की बात करते हैं, तो हम एटमास्टको की बात कर रहे होते हैं।

हालांकि, आज हम एटमास्टको पर इतनी बारीकी से नज़र इसलिए रख रहे हैं क्योंकि उन्होंने रक्षा क्षेत्र में साहसिक कदम रखा है। 2025 में एटमास्टको डिफेंस सिस्टम्स की स्थापना के साथ, उन्होंने बुनियादी ढांचे के निर्माण से हटकर लोगों की जान बचाने की दिशा में कदम बढ़ाया है। डीआरडीओ से महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी हस्तांतरण प्राप्त करने के बाद, वे अब हमारे सशस्त्र बलों और पुलिस के लिए जीवन रक्षक बुलेटप्रूफ जैकेट और बीआईएस मानकों के 6 स्तर के बैलिस्टिक हेलमेट का निर्माण कर रहे हैं। भिलाई स्थित एक कंपनी को हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा में इतनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते देखना गर्व का क्षण है।

राज्यपाल ने कहा कि अगले तीन वर्षों के लिए विकास योजना भी उतनी ही प्रभावशाली है। अनुमान है कि एटमास्टको से अतिरिक्त 250 नौकरियां सृजित होंगी और राज्य के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 350 करोड़ रुपये का अतिरिक्त योगदान होगा। किसी ब्रांड का 35 वर्षों तक अपनी विरासत को बरकरार रखते हुए इतना फुर्तीला और रचनात्मक बने रहना दुर्लभ है। भारी इस्पात से लेकर बैलिस्टिक सुरक्षा तक, एटमास्टको लिमिटेड न केवल विकास कर रही है, बल्कि भारत को अधिक सुरक्षित और मजबूत बनाने में भी योगदान दे रही है। मैं चाहता हूँ कि वे हमारे देश के लिए अपना योगदान जारी रखें।

इस अवसर पर संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर, कलेक्टर अभिजीत सिंग, आईजी अभिषेक शांडिल्य, एसपी विजय अग्रवाल, एसपी एटमास्टको डिफेंस सिस्टम के डायरेक्टर विजय चंदर अय्यर, एमडी स्वामीनाथन, सचिव सीआर प्रसन्ना, ग्रुप सीईओ जी चन्द्रशेखर सहित बड़ी संख्या में कंपनी के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

**Join WhatsApp Group 2** यहाँ क्लिक करे (https://chat.whatsapp.com/Ggb6nVSsGoD8q78xBxdq37?mode=ac_t)

Back

## अन्य पोस्ट




केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू मुख्य समारोह में करेंगे ध्वजारोहण (https://www.dailychhattisgarh.com/durg/290446/union-minister-of-state-tokhan-sahu-will-hoist-the-flag-at-the-main-function-)